13022026-DTM-05_27DT02A.qxd 2/12/2026 10:45 PM Page 1



### देशव्यापी हड़ताल को कांग्रेस, सीपीआई व सीपीएम के नेताओं ने दिया समर्थन

# सरकारी, गैर सरकारी विभागों के कर्मियों व मजदूर संगठनों ने निकाला जुलूस

पानीपत, 12 फरवरी (हप्र)

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी फेडरेशनों और संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल को लेकर बृहस्पतिवार को हजारों की संख्या में सरकारी एवं गैर सरकारी विभागों के कर्मचारियों, किसान व मजदूर संगठनों ने मोदी सरकार के विरोध में शहर में जुलूस निकाल और जिला सचिवालय पर जनसभा की।

कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष रमेश मलिक, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सचिन कुंडू, बलबीर बाल्मीकि, कंवर सिंह छौक्कर, बलवान बाल्मीकि, सतपाल बाल्मीकि, प्रवीन नारा व जसबीर पन्नू हड़ताल को समर्थन दिया। हड़ताल में सीटू, एटक, इंटक, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, कर्मचारी महासंघ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, संयुक्त किसान मोर्चा, किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन, आशा वर्कर्स यूनियन, आंगनवाड़ी वर्कर्स, मिड-डे मील, क्रैच वर्कर्स यूनियन, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, इंडस्ट्रीयल वर्कर यूनियन, केंद्रीय कर्मचारियों में बैंक, बीमा, सरकारी विभागों बिजली बोर्ड, पीडब्लूडी, पब्लिक हेल्थ, सिंचाई विभाग, रोडवेज, हुड्डा, नगर पालिका, पशुपालन विभाग, टूरिज्म, पटवार और कानूनगो एसोसिएशन आदि यूनियनों ने भाग लिया।



पानीपत में जुलूस निकालते विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता। -हप्र

## कैथल में किसानों ने प्रदर्शन कर जताया रोष

**कैथल (हप्र) :** ब्लॉक ढांड में बिजली कार्यालय पर पड़ाव डालकर सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित यूनियन, संयुक्त किसान मोर्चा के साथियों ने भारत-अमेरिका समझौते को रद्द करने के लिए प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान विक्रम सिंह, संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से मास्टर महेंद्र व संचालन अध्यापक संघ के मस्तराम शास्त्री ने की। हड़ताल का मुख्य मुद्दा हाईकोर्ट के आदेश दिसंबर 2025 के तहत कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना रहा। हड़ताल में रवि मोगा, विकास वर्मा, रतीराम, विनोद, महावीर, रविंद्र लाइनमैन, सूरज, सुनील, दिलबाग, जितेंद्र, राजेश कुमार एलडीसी, गुरजीत, महेंद्र कुमार, जयपाल पवार, कमल, संजू, बाबूराम, बाबूराम, सुरेंद्र, जयकुमार, दर्शन लाल बीडी, बिट्टू कुमार, सोहनलाल, वेद प्रकाश, विजय पाल, एलडीसी सब डिवीलन नंबर 2 व दर्शन लाल शामिल रहे।

## कर्मचारियों के साथ धरने पर बैठे कांग्रेसी

**यमुनानगर (हप्र) :** देशव्यापी हड़ताल के चलते बृहस्पतिवार को यमुनानगर में विभिन्न विभागों में सेवाएं प्रभावित रहीं। यमुनानगर के कन्हैया चौक पर भारी संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने इकट्ठे होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर कांग्रेस के दोनों जिला प्रधान ग्रामीण एवं शहरी नरपाल सिंह गुर्जर और देवेंद्र सिंह समेत कांग्रेस नेता राजकुमार त्यागी, वेद प्रकाश, रादौर से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सुरेश ढांडा, कांग्रेस के पूर्व महासचिव सतपाल कौशिक ने प्रदर्शन स्थल पर आकर कर्मचारियों को समर्थन का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कर्मचारी विरोधी है, कर्मचारियों की मांगें जायज हैं, उन्हें माना जाना चाहिए। कर्मचारी नेता गुलशन भारद्वाज, महीपाल सौदे, जरनैल सिंह सागवान, हरभजन सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दे रही है। नौकरियां खत्म कर रही हैं।

## फतेहाबाद में हड़ताल का आंशिक असर

**फतेहाबाद (हप्र) :** जिले में हड़ताल का आंशिक असर रहा। सरकारी दफ्तरों में रोजमर्रा की तरह कार्य चला, जबकि नगर परिषद के सफाई कर्मियों के पूर्ण हड़ताल पर रहने के कारण बाजारों में कूड़े के ढेर सड़कों पर पड़े रहे। रोडवेज की कम बसें चली, जिस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी प्रकार बिजली विभाग में भी 3 यूनियनों में से एक यूनियन से जुड़े कर्मचारी हड़ताल पर रहे।

## समालखा में गोल्डन पार्क में जुटे कर्मचारी

**समालखा (निस) :** समालखा के गोल्डन पार्क में कारखाना मजदूरों, आंगनवाड़ी, आशा वर्कर व मिड-डे मील कार्यकर्ताओं ने जनसभा कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। वहीं नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने परिषद कार्यालय के बाहर धरना देकर मांगें उठाईं। जनसभा के बाद मजदूरों व कर्मचारियों ने शहर में रोष प्रदर्शन निकाला।

## किसानों ने जलाई कृषि व्यापार समझौते की प्रतियां

**करनाल (हप्र) :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बृहस्पतिवार को किसानों ने हमारा खेत, हमारा अधिकार अभियान के तहत अपने खेतों में भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते के विरोध में लिखित पर्चियां जलाकर रोष प्रकट किया। आज जिले के नीलोखेड़ी, घरौंडा, असंध, करनाल और इंद्री विकास खंडों में व्यापक स्तर पर विरोध देखने को मिला। भाकियू असंध ब्लॉक प्रधान जोगिंद्र झींडा ने कहा कि किसानों के हितों को प्रभावित करने वाला कोई भी समझौता किसानों की सहमति के बिना स्वीकार नहीं किया जा सकता। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि दोपहर बाद प्रदेश की सभी ग्राम इकाइयों में किसानों ने शांतिपूर्ण, संगठित और अनुशासित तरीके से इस अभियान को सफल बनाया। उन्होंने बताया कि जब तक किसानों के हित सुरक्षित नहीं होंगे, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

## ट्रेड डील के विरोध में फूंका मोदी-ट्रंप का पुतला

**गुहला चीका (निस) :** राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने शहर के शहीद ऊधम सिंह चौक पर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में प्रधानमंत्री मोदी व अमेरिकर राष्ट्रपति ट्रंप का पुतला फूंका। कर्मचारियों को पवन शर्मा व कंवरजीत सिंह ने संबोधित किया।

## इन्द्री में हर्बल पार्क में जुटे सैकड़ों कर्मचारी

**इन्द्री (निस) :** राष्ट्रव्यापी हड़ताल में विभिन्न विभागों के सैंकड़ों कर्मचारी स्थानीय हर्बल पार्क में जुटे और नारेबाजी करते हुए शहर में प्रदर्शन किया। हड़ताल व प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा खंड प्रधान ऋषिपाल, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला वरिष्ठ उप प्रधान विजयपाल कांबोज, सीआईटीयू की जिला उप प्रधान सुदेश ने की।

## पिहोवा चौक पर किया धरना-प्रदर्शन

**पिहोवा (निस) :** केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने पिहोवा चौक के नजदीक इकट्ठे होकर धरना-प्रदर्शन किया। अध्यापक संघ के जिला प्रधान वीरेंद्र सिंह, गढी रोड़ान ब्लॉक प्रधान बलवान मोर, सचिव गुरचरण संधु ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

## घरौंडा में सड़कों पर उतरे विभिन्न विभागों के कर्मी

**घरौंडा (निस) :** घरौंडा में सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन किया। पब्लिक हेल्थ, आंगनवाड़ी वर्कर, बिजली बोर्ड, आशा वर्कर, मिड-डे मील वर्कर, चौकीदार, पटवारी व कानूनगो एसोसिएशन, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, बैंक और एलआईसी कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। हड़ताल से कई विभागीय कामकाज प्रभावित रहे।

---

### विधायक राणा ने असंध को दी 80 लाख के विकास कार्यों की सौगात

# बीड माजरा में बैंक्वेट हॉल बनकर तैयार, जुंडला में 50 लाख से बनेगा बस स्टैंड

करनाल, 12 फरवरी (हप्र)

विधायक योगेन्द्र राणा ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र के विकास रथ को आगे बढ़ाते हुए ग्राम बीड माजरा और जुंडला में 80 लाख के विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने ग्राम बीड माजरा में 20 लाख से बनकर तैयार हुए भव्य बैंक्वेट हॉल का लोकार्पण किया। इस हॉल के बनने से ग्रामीणों को निजी कार्यक्रमों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने 10 लाख रुपये से निर्मित गांव की फिरनी की सुरक्षा दीवार का भी उद्घाटन किया। विधायक ने जुंडला में 50 लाख से बनने वाले बस अड्डे के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

विधायक राणा ने कहा कि जुंडला के लोगों और यात्रियों की पुरानी मांग थी। इस बस अड्डे के निर्माण से यात्रियों को बैठने, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी और परिवहन व्यवस्था और अधिक सुगम होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का हर कोना विकास की रोशनी से जगमगा रहा है। विधायक ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग और उनके आशीर्वाद से क्षेत्र में बड़े प्रोजेक्ट्स पूरे हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने प्रदेश के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का भी आभार जताया, जिनके सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए ग्रांट की कोई कमी नहीं आई। मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, राहुल बीड माजरा, जुंडला के सरपंच प्रतिनिधि सतीश कुमार, मार्केट कमेटी के चेयरमैन सुशील शर्मा, सतपाल जैन, चिड़ाव ब्लॉक समिति चेयरमैन सतीश दादूपुर, सुरेन्द्र जानी मौजूद रहे।



करनाल में विकास कार्यों का शिलान्यास करते विधायक योगेंद्र राणा। -हप्र

## एचएसईबी वर्कर यूनियन ने प्रदर्शन कर जताया रोष

नरवाना, 12 फरवरी (निस)

एचएसईबी वर्कर यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की नरवाना यूनिट के अंतर्गत आने वाली सभी सब यूनिटों ने राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल के समर्थन में 2 घंटे का प्रदर्शन किया और हड़ताल का नैतिक समर्थन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट टीएल के प्रधान रामजुवारी ने की तथा संचालन सब अर्बन के सचिव राजेश शर्मा ने किया। मीटिंग में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय कमेटी में मेंबर भूपेंद्र चौपड़ा, यूनिट नरवाना के सचिव कर्मबीर कापडो, सलाहकार मोहनलाल, सिटी सब यूनिट के प्रधान दिलबाग श्योकन्द, सचिव सुरेश नैन, सब अर्बन सब यूनिट के प्रधान दिलबाग नैन, टीएल सब यूनिट के सचिव अमित कुमार, यूनिट में सह सचिव अनिल नैन, यूनिट संगठनकर्ता जसबीर नैन ने भाग लिया और हरियाणा सरकार को चेताया कि समय रहते कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा किया जाए।

# देशव्यापी हड़ताल में रोडवेज और बैंक कर्मियों ने लिया भाग

अम्बाला, 12 फरवरी (हप्र)

सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर आयोजित देशव्यापी आम हड़ताल के तहत छावनी में भी बैंक कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। हड़ताली कर्मचारी पंजाब एंड सिंध बैंक के सामने एकत्रित हुए और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। हड़ताल में बैंकों की तीन प्रमुख यूनियनें एआईबीईए, एआईबीओए और बेफी ने भाग लिया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता हरियाणा बैंक एम्प्लाइज फेडरेशन, अम्बाला यूनिट के प्रधान कामरेड बलजीत सिंह ने की। हड़ताल में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा एलआईसी, जीआईसी, एसकेएम व अन्य मजदूर संगठनों के 250 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हड़ताल को हरियाणा बैंक एम्पलाइज फेडरेशन के महासचिव एवं एआईबीईए के ज्वॉइंट सेक्रेटरी कामरेड एमपी सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो भविष्य में आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन

**अम्बाला शहर (हप्र) :** सर्व कर्मचारी संघ से संबद्ध कई विभागीय संगठनों के कर्मचारी व शिक्षक हड़ताल में शामिल होकर रोडवेज वर्कशॉप पर प्रदर्शन करते हुए शिक्षा सदन पहुंचे। यहां से सभी आंदोलनकारी आक्रोश प्रदर्शन करते हुए डीसी कार्यालय पर पहुंचे। हड़ताल में रोडवेज साझा मोर्चा, भारतीय जीवन बीमा निगम, डाक विभाग समेत अनेक विभागों के कर्मियों अपने कार्यालयों के समक्ष एकत्र होकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और 2-2 घंटे की हड़ताल की। जिला मुख्यालय पर सीटू और एसकेएस कर्मियों के साथ आशा वर्कर्स, सफाई सेवकों औा मिड डे मील वर्कर्स ने डीसी ऑफिस तक प्रदर्शन किया और बाद में वहीं धरना देकर नारेबाजी की।

---

### खबर है...

## डिंगर माजरा सेवा समिति की प्रधान बनीं गुरबचनी




घरौंडा में गुरबचनी देवी प्रधान चुने जाने के बाद सदस्यों के साथ। -निस

**घरौंडा (निस) :** दी डिंगर माजरा बहुद्देश्य प्राथमिक सहकारी ऋण एवं सेवा समिति लि. डिंगर माजरा (करनाल) के प्रधान पद का चुनाव गांव की सहकारी समिति के कार्यालय में हुआ। इसमें 5 गांवों से चुने हुए सहकारी समिति के सदस्यों द्वारा प्रधान पद का चुनाव किया गया। सहकारी समिति सदस्य अनिल कुमार ने गुरबचनी देवी के नाम का प्रस्ताव रखा और उपरिथति सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर गुरबचनी देवी के नाम पर सहमति जताई। सर्वसम्मति से गुरबचनी देवी को प्रधान पद के लिए चुना गया। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी व सोसाइटी मैनेजर रामपाल सहित अन्य मौजूद रहे। प्रधान पद पर चुने जाने के बाद गुरबचनी देवी ने चुने हुए सभी सदस्यों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आज की जरूरत है।

## 'नांदेड़ साहिब के लिए चंडीगढ़ से हवाई सेवा शुरू हो'

**शाहाबाद मारकंडा (निस) :** सचखंड नांदेड़ साहिब तख्त श्री हजूर साहिब के लिए हरियाणा से हवाई सेवा शुरू करने से हरियाणा की संगत में अपार खुशी व्याप्त है। नलवी मंडल भाजपा के अध्यक्ष व पूर्व सरपंच सर्वजीत सिंह कंबोज कलसानी व जगदेव सिंह गाबा ने हरियाणा सरकार से मांग की कि हरियाणा सरकार यह हवाई सेवा चंडीगढ़ से भी शुरू करे, इससे श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए नांदेड़ साहिब जाने के लिए ज्यादा उत्सुकता रहेगी व अधिक लोग तीर्थ यात्रा का उत्साहपूर्वक लाभ उठा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से नांदेड़ साहिब के लिए हवाई सेवा की मांग की जा रही थी। जिसके बाद हरियाणा सरकार ने हिसार से नांदेड़ साहिब के लिये हवाई सेवा शुरू की है।

## छपरा में अवैध कॉलोनी पर डीटीपी की कार्रवाई



शाहाबाद के छपरा में अवैध निर्माण पर कार्रवाई करती टीम। -निस

**शाहाबाद मारकंडा (निस) :** जिला नगर योजनाकार की टीम ने डीसी के आदेश पर गांव छपरा में 7.5 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। जिला नगर योजनाकार अधिकारी नवीन कुमार ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि डीसी के आदेशानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने छपरा में लगभग 7.5 एकड़ में बन रही अवैध कॉलोनी में बनी चारदीवारी सहित अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। डीटीपी विभाग के पास अवैध कॉलोनी पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों न तो अवैध कॉलोनियों में किए जा रहे निर्माण को रोका और न ही विभाग से अनुमति प्राप्त की।

# बुजुर्गों के सम्मान की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी जजपा : दिग्विजय चौटाला

जगाधरी,12 फरवरी (हप्र)

जजपा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला बृहस्पतिवार को चौधरी देवीलाल शिक्षण संस्थान जगाधरी में पहुंचे। यहां उन्होंने जिले में 22 फरवरी को होने वाले युवा योद्धा सम्मेलन को लेकर पदाधिकारी से बात की। पत्रकारों से बात करते हुए दिग्विजय ने कहा कि भाजपा समाज को बांटने में लगी है। हिंदू एकता सम्मेलन भी सोची-समझी रणनीति के तहत भाजपा द्वारा किए जा रहे हैं। अब भाजपा बुजुर्गों को अपमानित करने का काम कर रही है। चौधरी देवीलाल ने बुजुर्गों के सम्मान के लिए बुढ़ापा पेंशन शुरू की थी, लेकिन आय का बहाना बनाकर प्रदेश में करीब 72 हजार बुजुर्गों की पेंशन काट दी गई, लेकिन जजपा बुजुर्गों के सम्मान की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ेगी।

जजपा नेता ने कहा कि हरियाणा क्राइम कैपिटल बना हुआ है। नौकरियों में हरियाणा के युवाओं की अनदेखी हो रही है। हरियाणा सरकार को श्वेत पत्र जारी कर बताना चाहिए कि हरियाणा के कितने युवाओं को दूसरे प्रदेशों में नौकरी मिली है। उन्होंने कहा कि दूसरे जिलों में हुए युवा योद्धा सम्मेलन पूरी तरह कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की अफसरशाही पर बिल्कुल भी पकड़ नहीं है। दिग्विजय सिंह ने बताया कि बीएलए वन और बीएलए टू बनाने का कार्य अगले महीने तक पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर धर्मवीर सिहाग, राजेश पायलट, राजू पाई, बृज, ओपी लाठर, इंतजार अली, जरनैल सिंह पंजेटा, कर्ण नरवाल, संदीप संधू व राजेंद्र सिंह मौजूद रहे।



जगाधरी में बृहस्पतिवार को पत्रकारों से बात करते जजपा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला। -हप्र

## गन प्वॉइंट पर दुकानदार को लूटने के दो आरोपी गिरफ्तार

करनाल, 12 फरवरी (हप्र)

करनाली गेट स्थित मुंशी राम ज्वेलर्स के मालिक को 30 दिसंबर की रात अज्ञात युवकों द्वारा गन प्वॉइंट पर धमकाकर गल्ले से लगभग 1 से 1.25 लाख रुपये लूटने के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश करके 2 दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार सीआईए-2 इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान गुरजीत राम निवासी बाहरसाहब, जिला पटियाला (पंजाब) तथा हरीश कुमार निवासी शोरगुल मोहल्ला, तरावड़ी, जिला करनाल के रूप में हुई है। इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकास उर्फ नोनी पुत्र बलराज, निवासी क्योड़क, जिला कैथल के रूप में हो चुकी है। अधिकारी ने बताया कि जांच टीम द्वारा पहले आरोपी विकास उर्फ नोनी को काबू कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था, जहां से आरोपी का 4 दिन का रिमांड प्राप्त किया गया था। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वारदात को अंजाम देने में उसके अन्य 2 साथी गुरजीत राम व हरीश भी शामिल थे।

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में मनाई महर्षि दयानंद जयंती

जगाधरी, 12 फरवरी (हप्र)

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जगाधरी में बृहस्पतिवार को महर्षि दयानंद जयंती पर यत्र किया गया जिसमें प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपड़ा ने अध्यापिका मोनिका शर्मा, अंजू शर्मा, सोनिया मखीजा गुरप्रीत कौर एवं अध्यापक होशियार सिंह तथा विद्यार्थियों ने आहुति दी। कक्षा छठी की छात्रा सीरत ने कविता-गान तथा सातवीं कक्षा की छात्रा आरवी ने स्वामी दयानंद का जीवन परिचय देते हुए भाषण प्रस्तुत किया। अनूप चोपड़ा ने कहा कि महर्षि दयानंद का जीवन उच्च आदर्शों एवं मूल्यों का परिचायक है।

### प्रेम मंदिर के वार्षिक उत्सव प्रेम सम्मेलन में स्वामी ज्ञानानंद ने की शिरकत

# 'गीता पुस्तक नहीं हमारे जीवन की पथप्रदर्शक'

पानीपत, 12 फरवरी (वाप्र)

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि गीता मात्र एक पुस्तक नहीं है, यह हमारे जीवन का पथप्रदर्शक है। स्वामी ज्ञानानंद प्रेम मंदिर के वार्षिक उत्सव प्रेम सम्मेलन के समापन पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गीता में व्यवहार ही नहीं अपितु जीवन की प्रत्येक समस्या का समाधान मिलता है। प्रेम सम्मेलन में हरिद्वार से पधारे स्वामी विवेकानंद महाराज ने जीवन में धर्म निहित कार्य शैली को अपनाने पर जोर देते हुए कहा बच्चा जब छोटा होता है तो उसे ओम बोलने का अभ्यास करने से वह आगे चलने पर राम नाम भी बोलने लगेगा।

कार्यक्रम में राधेश्याम द्विवेदी ने कहा कि प्रेम ही हरि का रूप है। प्रेम व परमात्मा एक ही है। परमात्मा के अतिरिक्त त्रिलोकी में कष्ट दूर करने वाला कोई दूसरा नहीं। जब माता सीता अशोक वाटिका में थीं, तो इससे बढ़कर दुनिया में कोई दुख नहीं है। वह भी तब दूर हुआ, जब राम मिले। शिवजी जब माता पार्वती को कथा सुना चुके तो उन्होंने कहा कि कथा का बहुत आनन्द आया। अब आपका अनुभव क्या है, तब शिवजी ने एक लाइन में कहा- उमा कहूं मैं अनुभव अपना सत हरि भजन जगत सब सपना। इस अवसर पर राधारमण मंदिर विराट नगर के प्रधान विपिन चुघ ने टीम के साथ लंगर के लिए विशेष सेवा की। लैय्या बिरादरी के गजेंद्र सलूजा और जिला भाजपा के उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने संतों का स्वागत किया। सम्मेलन में भजन-कीर्तन और प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर किया गया। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने पूरे अनुशासन और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया था, जिससे आध्यात्मिक वातावरण और भी दिव्य बन गया। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज में प्रेम, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है।


Form No. 3 [See Regulation-13(1)(a)]

**ऋण वसूली अधिकरण, चंडीगढ़ (DRT 2)**

एससीओ 33-34-35, प्रथम तल, सेक्टर 17-ए, चंडीगढ़
(तृतीय एवं चतुर्थ तल पर अतिरिक्त स्थान भी अलाट)

**ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया) रूल्ज़, 1993 के रूल 5 के उप-रूल (2 ए) की सहपठित धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन**

**Exh. No. 28751** — **केस नं. OA/1366/2025**

**एचडीएफसी बैंक बनाम माखन सिंह (Makhan Singh)**

**प्रतिवादी नं. 2 : राज रानी निवासी मकान नं. 241 निकट डेला कलां, सिरसा, हरियाणा।**
**प्रतिवादी नं. 3 : अशोक कुमार निवासी 118, वार्ड नं. 19, सिरसा, हरियाणा-125055**
**यतः OA/1366/2025 को माननीय सभापति/रजिस्ट्रार के समक्ष 02.12.2025 के लिए लिस्टिड किया गया।**
यतः इस माननीय अधिकरण द्वारा अधिनियम की धारा 19(4) के तहत उक्त आवेदन पर नोटिस/सम्मन जारी किया जा रहा है। **रु. 20,79,621.49/-** के ऋणों की वसूली हेतु आपके प्रति (ओए) दर्ज किया गया है (दस्तावेजों आदि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अनुरूप आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देश दिए जाते हैं :-
(i) सम्मन की तामील होने के 30 दिनों के भीतर कारण बताओ कि क्यों आवेदित राहत हेतु ग्रांट न दी जाए;
(ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3 ए के तहत आवेदक द्वारा निर्दिष्ट परिसम्पत्तियों तथा प्रॉपर्टियों के अतिरिक्त परिसम्पत्तियों या प्रॉपर्टियों का विवरण बताने के लिए;
(iii) आपको प्रॉपर्टियों की अटेचमेंट के लिए आवेदन की डिस्पोज़ल तथा लम्बित सुनवाई, मूल आवेदन के क्रमांक 3 ए के तहत बताई गई परिसम्पत्तियों तथा प्रॉपर्टियों या सुरक्षित परिसम्पत्तियों को डिस्पोज़ ऑफ करने या उसका लेन-देन करने से रोका जाता है।
(iv) ट्रिब्यूनल से पूर्व अनुमति लिए बिना मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत निर्दिष्ट या प्रदर्शित अन्य परिसम्पत्तियों तथा प्रॉपर्टियों तथा/या सिक्योरिटी इंट्रस्ट वाली किसी भी सम्बद्ध परिसम्पत्ति पर बिजनेस की साधारण प्रक्रिया को छोड़कर सेल, लीज़ या किसी अन्य विधि से हस्तांतरण करने पर आप पर प्रतिबंध रहेगा।
(v) आप को बिजनेस की साधारण प्रक्रिया के परिपालन में सुरक्षित परिसम्पत्तियों या अन्य परिसम्पत्तियों एवं प्रॉपर्टियों की बिक्री के माध्यम से बिक्री राशि प्राप्त करने के बाद उक्त परिसम्पत्तियों के संबंध में सिक्योरिटी इंट्रस्ट रखने वाले वित्तीय संस्थानों या बैंक द्वारा मेन्टेन किए गए खाते में प्राप्त बिक्री राशि को जमा करवाना होगा।
आप को यह निर्देश भी दिया जाता है कि आवेदक को एक प्रति जमा करवाने सहित लिखित स्टेटमेंट दर्ज करवायी जाए तथा **18.02.2026 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार** के समक्ष पेश हों अन्यथा आप की अनुपस्थिति में आवेदन पर सुनवायी करके निर्णय ले लिया जाएगा।
आज दिनांक 08.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर व ट्रिब्यूनल के मुद्रांक के तहत जारी।
DI-28003 — **हस्ता./- सम्मन जारी करने वाले अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर।**



**मोहन मीकिन लिमिटेड**

**पंजी. कार्यालय : सोलन ब्रुअरी (डाकघर) शिमला हिल्ज़ (हि.प्र.)-173214**
**CIN No. L15520HP1934PLC000135**
**वेबसाइट : www.mohanmeakin.com**
**फोन नं. : 01792-230450, 230423, Email ID : solan@mohanmeakin.com**
**31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही एवं 9 मास हेतु गैर-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**
**(रु. लाखों में, प्रति इक्विटी शेयर डाटा को छोड़कर)**

| | समाप्त तिमाही 31.12.2025 गैर-अंकेक्षित | समाप्त 09 मास 31.12.2025 गैर-अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.12.2024 गैर-अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. आप्रेशनों से कुल आय | 89,100.17 | 168,319.17 | 82,040.11 | 215,134.39 |
| 2. अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण आइटमों से पूर्व) | 9,429.83 | 15,450.18 | 5,486.15 | 13,819.03 |
| 3. कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण आइटमों के बाद) | 9,391.32 | 15,621.41 | 5,486.15 | 13,819.03 |
| 4. कर उपरांत अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण आइटमों के बाद) | 7,006.37 | 11,655.39 | 4,091.01 | 10,263.06 |
| 5. अवधि हेतु कुल विस्तृत आय [अवधि हेतु लाभ शामिल (कर उपरांत) तथा अन्य व्यापक आय (कर उपरांत)] | 7,013.29 | 11,614.99 | 4,214.52 | 10,470.52 |
| 6. इक्विटी शेयर पूंजी | 425.42 | 425.42 | 425.42 | 425.42 |
| 7. रिज़र्व (पुनः मूल्यांकित रिजर्व को छोड़कर) विगत वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार | | | | 46,592.29 |
| 8. कमाई प्रति शेयर (रु. 5/- प्रत्येक की फेस वेल्यू) मूल एवं कम हुई (रु.) | 82.35 | 136.99 | 48.08 | 120.62 |

**टिप्पणी :**
(i) रेग्यूलेशन 33 ऑफ सेबी (लिस्टिंग आब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेग्यूलेशंज़, 2015 अधीन स्टाक एक्सचेंज के पास दायर 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही एवं 09 मास के गैर अंकेक्षित तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उक्त सार है। 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही एवं 09 मास हेतु गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप कंपनी की वेबसाइट www.mohanmeakin.com तथा स्टाक एक्सचेंज की वेबसाइट www.cse-india.com पर उपलब्ध है।
(ii) विगत वर्ष के आंकड़ों को मौजूदा अवधि के आंकड़ों के साथ तुलनात्मक बनाने हेतु आवश्यकता पड़ने पर पुनः संचित/पुनः वर्गीकृत किया गया है।

**स्थान : मोहन नगर (गाजियाबाद)** — **हेमंत मोहन, प्रबंध निदेशक।**
**तिथि : 12 फरवरी, 2026** — DI-28068 — **(DIN : 00197951)**



**Form No. 14 [See Regulation-33(2)]** — **by publication**

**कार्यालय : वसूली अफसर-I/II**
**ऋण वसूली अधिकरण, चंडीगढ़ (DRT 2)**
प्रथम तल, एससीओ 33-34-35, सेक्टर 17-ए, चंडीगढ़
(तृतीय एवं चतुर्थ तल पर अतिरिक्त स्थान भी अलाट)

**आयकर एक्ट, 1961 की द्वितीय अनुसूची के रूल 2 तथा रिकवरी आफ डेब्ट्स एंड बैंकरप्टसी एक्ट, 1993 की दफा 25 से 28 के तहत नोटिस**

**आरसी/33/2023** — **डिमांड नोटिस** — **24.11.2025**

**एचडीएफसी बैंक बनाम जगदीश**

**सूचना बनाम :**
(सीडी-1) : जगदीश पुत्र श्री लाल चंद, जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनके कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधियों के माध्यम से विवरण निम्नानुसार है :- करनाल, हरियाणा-
कानूनी वारिस : 1 शिव राम पुत्र श्री जगदीश निवासी म. नं. 1709, गांव मूनक, तहसील बल्ला, जिला करनाल, हरियाणा।
कानूनी वारिस : 2 हरि राम पुत्र जगदीश निवासी मकान संख्या 1709, गांव मूनक, तहसील बल्ला, जिला करनाल, हरियाणा।
कानूनी वारिस : 3 महिंदरो पत्नी श्री जगदीश निवासी मकान संख्या 1709, गांव मूनक, तहसील बल्ला, जिला करनाल, हरियाणा।
कानूनी वारिस : 4 शिव राम पुत्र जगदीश निवासी मकान संख्या 1709, गांव मूनक, तहसील बल्ला, जिला करनाल, हरियाणा-132001.
कानूनी वारिस : 5 हरि राम पुत्र जगदीश निवासी मकान संख्या 1709, गांव मूनक, तहसील बल्ला, जिला करनाल, हरियाणा-132001.
कानूनी वारिस : 6 महिंदरो पत्नी श्री जगदीश निवासी मकान संख्या 1709, गांव मूनक, तहसील बल्ला, जिला करनाल, हरियाणा-132001.
(सीडी-2) : श्री शिव राम पुत्र जगदीश निवासी मकान संख्या 1709, गांव मूनक, तहसील बल्ला, जिला करनाल, हरियाणा।
(सीडी-3) : हरि राम पुत्र जगदीश निवासी मकान संख्या 1709, गांव मूनक, तहसील बल्ला, जिला करनाल, हरियाणा-132001.
**OA/114/2021** में सभापति ऋण वसूली अधिकरण चंडीगढ़ (DRT-2) द्वारा पारित आदेशों के अनुसार जारी वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार यह अधिसूचित किया जाता है कि **रु. 49,505/-** की लागत सहित एवं **04.01.2021** से वापसी तक 5% साधारण वार्षिक ब्याज की दर पर विचाराधीन एवं भविष्य के ब्याज सहित **रु. 43,91,063/-** की राशि आपके प्रति (संयुक्त एवं पृथक/पूर्णतः/सीमित रूप में) बकाया है।
**2.** आपको निर्देशित है कि नोटिस की प्राप्ति से 15 दिन के अंदर उक्त राशि का भुगतान करें, अन्यथा वसूली को रिकवरी आफ डेब्ट्स ड्यू टु बैंक एंड फायनेंशियल इस्टिच्यूशंज एक्ट, 1993 व इसके तहत आने वाले नियमों के अनुसार किया जाएगा।
**3.** आपको आदेश दिया जाता है कि आप अगली सुनवाई से पहले अपनी संपत्ति के विवरण बारे एक शपथपत्र द्वारा घोषणा करें।
**4.** अगली कार्यवाही के लिए आप **18.02.2026** को **प्रातः 10.30** बजे अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख पेश हों।
**5.** उक्त राशि के अलावा, आपको निम्न भी देना है :
**(ए)** सर्टिफिकेट/कार्यकर्दगी कार्यवाही के इस नोटिस के तुरंत बाद की अवधि के लिए बनता ब्याज।
**(बी)** बकाया रकम प्राप्त करने के लिए इस नोटिस, वारंटों की तामील तथा अन्य प्रक्रियाओं और कार्यवाही में हुआ खर्चा, चार्जेज व लागत।
मेरे हस्ताक्षर एवं इस अधिकरण की मोहर से **24.11.2025** को जारी।
DI-28004 — **वसूली अफसर, ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चंडीगढ़ (डीआरटी 2)**

## कार्यालय नगर विकास न्यास, अलवर

क्रमांकः– / लेखा / 2026 / 12860–73 दिनांकः– 09.02.2026

### NOTICE INVITING NIT – 41/2025-26

Design of sewer network in aravali vihar 1 and 2 and ambedkar nagar block M and N construction of nallah Alwar. 13-02-2026 to 12-03-2026 3.00 PM. Technical bid open 13-03-2026 4.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (**http://eproc.rajasthan.gov.in**, **http://sppp.raj.nic.in**) of the state and **www.uitalwar.in** the approximate Value of the procurement is Rs. 2500 lakhs.

| UBN NO. | UAL2526WLOB00403 |
|---|---|

Raj.Samwad/C/25/19685 **Executive Engineer, UIT Alwar**

---

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR.**

No. NIT/2025-26/34749-57 Date: 12.02.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 668/2025-26**

निम्नलिखित कार्य के लिये योग्य एवं अनुभवी कन्सलटेन्ट / कन्सलटेन्टसी फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है:

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.) |
|---|---|
| Procurement of Project Management Consultancy for Various ROB/High Level Bridge/ Flyover works under RSRDC Ltd. **UBN**: RRC2526SLOB01207 | **450.00 Lakh** |

निविदा से सम्बन्धित तप्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट: **http://eproc.rajasthan.gov.in**, **http://sppp.rajasthan.nic.in** तथा **http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc** पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

---

## JAMNAGAR UTILITIES & POWER PRIVATE LIMITED

Registered Office: CPP Control Room, Village Padana, Taluka Lalpur, District Jamnagar - 361 280, Gujarat
Phone: 022-35557100 • Email: debenture.investors@jupl.co.in
Website: www.jupl.co.in • CIN: U40100GJ1991PTC051130

### EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 31ST DECEMBER 2025

(Rs. in crore, except per share data and ratios)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|
| | | 31 Dec' 25 | 31 Dec' 24 | 31 Mar' 25 |
| | | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 1,158.03 | 1,193.91 | 4,657.48 |
| 2 | Net Profit before Exceptional Item and Tax | 617.55 | 413.26 | 1,360.84 |
| 3 | Net Profit before Tax (after Exceptional Item) | 617.55 | 413.26 | 1,360.84 |
| 4 | Net Profit after Tax | 454.13 | 126.57 | 717.48 |
| 5 | Total Comprehensive Income / (Loss) [Comprising Profit (after tax) and Other Comprehensive Income / (Loss) (OCI) (after tax)] | 619.70 | (297.33) | 336.53 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 2,720.69 | 2,720.69 | 2,720.69 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | | | 23,866.40 |
| 8 | Securities Premium Account | - | - | - |
| 9 | Net worth | 29,524.08 | 26,097.14 | 26,861.86 |
| 10 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 16,413.60 | 16,459.62 | 16,435.21 |
| 11 | Outstanding Redeemable Preference Shares | 5,000.00 | 5,000.00 | 5,000.00 |
| 12 | Debt Equity Ratio | 0.55 | 0.63 | 0.62 |
| 13 | Earnings Per Share (EPS) for the period / year - Class 'B' Equity Shares of face value of Re. 1 each | | | |
| | - Basic and Diluted (in Rupees) - After Exceptional Item | 0.17 | 0.05 | 0.26 |
| | - Basic and Diluted (in Rupees) - Before Exceptional Item | 0.17 | 0.05 | 0.26 |
| 14 | Capital Redemption Reserve | - | - | - |
| 15 | Debenture Redemption Reserve | 935.00 | 935.00 | 935.00 |
| 16 | Debt Service Coverage Ratio | 2.62 | 2.11 | 0.81 |
| 17 | Interest Service Coverage Ratio | 2.62 | 2.11 | 1.90 |

**Notes:**

1. The above is an extract of the detailed format of the Unaudited Standalone Financial Results for the quarter and nine months ended 31st December 2025 filed with the Stock Exchange under Regulation 52 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Standalone Financial Results for the quarter and nine months ended 31st December 2025 are available on the website of BSE Limited (www.bseindia.com) and can be accessed on the Company's website (www.jupl.co.in).
2. For the other line items referred in Regulation 52(4) of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the pertinent disclosures have been made to BSE Limited (www.bseindia.com) and can be accessed on the Company's website (www.jupl.co.in).
3. The Audit Committee has reviewed, and the Board of Directors has approved the above results and its release at their respective meetings held on 12th February 2026. The statutory auditors have carried out a limited review on the aforesaid results.

For Jamnagar Utilities & Power Private Limited
Sd/-
Satish Parikh
Chairman
DIN : 00094560

Date : 12th February 2026
Place : Mumbai

---

## DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT-3)

GROUND FLOOR, S.C.O. 33-34-35, SECTOR 17-A, CHANDIGARH

**Case No.: TA/14/2024**

**Summons under subsection (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.**

**Exh. No.: 28121**

**PUNJAB NATIONAL BANK**
**VS**
**RAJESH KUMAR AND ANOTHER**

To,

**(1) Rajesh Kumar S/o Harbans Lal, R/o House No. 141, Ward No.11, Mohalla Subdar Nagar, Tehsil & Distt. Pathankot, Punjab.**
**( 2 ) Anil Kumar S/o Om Prakash, R/o House No. 26, Bank Colony, Ward No.9, Angooran Wala Bagh, (Shahid Udham Singh Nagar) Tehsil and Distt. Pathankot, Punjab -145001.**

### SUMMONS

WHEREAS, **TA/14/2024** was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on **17/11/2025.**

WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs. 21,67,730/-.**

In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under :-

(I) To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.

(ii) To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application .

(iii) You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.

(iv)You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal.

